**Regarding Need to establish a sports complex in Vicharpur in Shahdol Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid**

श्रीमती हिमाद्री सिंह **(**शहडोल**) :** मेरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शहडोल (मध्य प्रदेश) आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । माँ नर्मदा,सोंन,जोहिला जैसी विशाल नदियों के उद्गम स्थल अमरकंटक के सुरम्य वनों में क्षेत्र विस्तारित है ।विश्व के लोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का शहडोल में जुलाई 2023 में प्रवास हुआ था,माननीय प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्र के फुटबाल खिलाडियों से संवाद करते हुए पूछा आप लोग कहाँ से है,खिलाडियों ने उत्तर दिया हम मिनी ब्राज़ील से हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र का ग्राम विचारपुर मिनी ब्राज़ील के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहाँ के हर घर में फुटबॉल खिलाड़ी हैं व 3-4 पीढ़ी से खेलते आ रहे हैं ।माननीय प्रधानमंत्री जी ने हाल ही में पॉडकास्ट के अपने साक्षात्कार में भारत के इस मिनी ब्राज़ील का उल्लेख किया,जिसके लिए क्षेत्र की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करती हूँ । विचारपुर तथा उसके आस-पास के ग्रामों के युवा अनेक खेलों में रूचि रखते हैं,किन्तु सुविधा युक्त खेल स्टेडियम न होने से इनकी प्रतिभा को उचित दिशा नहीं मिल पाती मैं सरकार से मांग करती हूँ कि विचारपुर में एक सर्व सुविधा युक्त स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए, जिसमे फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कब्बड्डी ,क्रिकेट आदि खेलों का प्रशिक्षण,अभ्यास की सुविधाएं,राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित कराने की व्यवस्था हो ।